कार्रवाई | विक्टोरिया अस्पताल से महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों के गायब होने का मामला

# 93 लाख के घोटाले में सीएमएचओ निलंबित

## राज्य शासन ने अपनाया कड़ा रुख

**नवभारत,जबलपुर। स्वास्थ्य विभाग में व्यापक भ्रष्टचार का खुलासा होने के बाद राज्य शासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य चिकित्या एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा गठित जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर भोपाल मुख्यालय से यह आदेश जारी किए गए हैं।**





इस पूरे मामले में सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये की चपत लगाने के साथ ही महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों के गायब होने की पुष्टि हुई है। जांच में पाया गया कि विभागीय स्तर पर वित्तीय नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई और बिना सामग्री प्राप्त किए ही निजी कंपनियों को भुगतान कर दिया गया। शुक्रवार रात से ही सीएमएचओ के निलंबित होने का आदेश सरकारी कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों के बीच में सुर्खियों में बना रहा।

### ये है मामला

विदित हो कि गत दिवस कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने फर्जी देयकों के माध्यम से निजी फर्म को भुगतान मामले में दोषी पाए जाने पर स्टोर कीपर और फार्मासिस्ट नीरज कौरव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी के नेतृत्व में गठित जांच दल ने पाया था कि भोपाल की निजी कंपनी सिंह एंटरप्राइजेज को लाभ पहुंचाने 12 फर्जी देयकों के माध्यम से साइनिज निर्माण और स्वास्थ्य केंद्र सामग्री के नाम पर 93,04,998 रुपये का भुगतान किया गया था, जबकि भौतिक रूप से यह सामग्री प्राप्त नहीं हुई थी। जांच रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए डायरेक्टर एनएचएम भोपाल को प्रेषित कर दिया गया है। इसके बाद शुक्रवार को सीएमएचओ की संलिप्तता के चलते उनके खिलाफ भोपाल मुख्यालय स्तर से निलंबन के आदेश जारी हो गए।

गौरतलब है कि संविदा आधार पर नियुक्त जिला कार्यक्रत प्रबंधक आदित्य तिवारी और फार्मासिस्ट जवाहर लोधी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से हटाकर जांच पूरी होने तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहोरा में पदस्थ किया गया है। उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव डायरेक्टर एनएचएम भोपाल को भेजा गया है।



## डॉ . अल्पना सिंह बनी कृषि कॉलेज की डीन

**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की प्रोफेसर डॉ.अल्पना सिंह को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर का अधिष्ठाता बनाया गया है। डॉ. अल्पना सिंह ने भाभा एटोमिक एवं जायका इंटरनेशनल परियोजना में अद्वितीय अनुसंधान कार्य किया है। आपके द्वारा 5 परियोजनाएं संचालित करने के साथ 80 रिसर्च पेपर, 3 पुस्तकें, 10 तकनीकी बुलेटिन, 40 लेख प्रकाशित हो चुके हैं। 30 रेडियो एवं टीवी टॉक विभिन्न चैनलों के माध्यमों से प्रसारित हो चुके हैं। इसके साथ ही 10 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है।

# ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करने व जागरूकता फैलाने बनाई रणनीति

## पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक, 12 बिन्दु तय लिया ब्यौरा



**नवभारत, जबलपुर। ड्रग्स नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचकर उसे पूरी तरह ध्वस्त करने के साथ नशा मुक्ति शहर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक ली और रणनीति बनाई । इस दौरान 12 बिन्दुओं पर चर्चा हुई।**

बैठक में एसपी ने नशे के विरुद्ध दो-सूत्रीय रणनीति- अपराधियों पर सख्त कार्रवाई एवं समाज में व्यापक जागरूकता को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश देते हुये अभियान चलाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। कप्तान ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट एक कड़ा कानून है जिसमे कठोर दण्ड का प्रावधान है। जिसकी जांच से सम्बंधित सभी प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। बैठक में उन्होंने बिंदुओ पर विस्तार से जानकारी देते हुए ड्रग हॉट स्पॉट की जानकारी ली। साथ ही बिचौलियों एवं वितरण चौनलों को चिन्हित करना, ड्रग रूट को चिन्हित करना, तस्करों का रजिस्टर संधारित करना, चिन्हित किंगपिन एवं एनडीपीएस के आदतन अपराधियों के खिलाफ निरंतर प्रभावी कार्यवाही, अवैध ड्रग से अर्जित संपत्ति को चिन्हित करके संबद्ध करवाना, पिट एनडीपीएस एक्ट 1988 के तहत कार्यवाही, बिचौलिये और ड्रग नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्यवाही, नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाने से लेकर नशे के आदी व्यक्तियों की काउंसलिंग समेत अन्य बिन्दुओं पर चर्चा हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी यातायात, सुश्री अंजना तिवारी एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी शहर, देहात उपस्थित रहे।



# लक्ष्मीकांत प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनील बने प्रदेश सचिव

**नवभारत,जबलपुर।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर मप्र कांग्रेस कमेटी के कला शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू श्रीवास की अनुशंसा पर प्रदेश संगठन प्रभारी संजय कामले द्वारा जबलपुर से कांग्रेस नेता लक्ष्मीकांत मुन्ना सेन को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सुनील सराठे को प्रदेश सचिव एवं साथ ही नगर कांग्रेस कमेटी जबलपुर अनुसूचित जाति विभाग का अध्यक्ष राकेश चौधरी, दयानंद सरस्वती वार्ड के मंडलम अध्यक्ष रीतेश नोतनानी एवं सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड का अध्यक्ष राहुल कोरी को नियुक्त किये जाने पर लखनादौन विधानसभा प्रभारी अरूण सिंह पवार के कार्यालय होटल पवार में कांग्रेसजनों द्वारा फूलमाला पहना कर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत व सम्मान किया गया।

# अयोध्या पर्व : दस दिवसीय चित्रांजलि का शुभारंभ

**नवभारत,जबलपुर।** अयोध्या न्यास एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, चित्रांजलि समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय चित्रांजलि का भव्य शुभारंभ नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की कलाधिका में हुआ। मूर्धन्य फोटो पत्रकार स्वर्गीय महेंद्र चौधरी की स्मृति में आयोजित 'राम उत्सव चित्रांजलि' प्रदर्शनी के लिए देशभर से 3200 से अधिक छायाचित्र प्राप्त हुए, जिनमें से चयनित चित्रों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में राम मंदिर उद्घाटन के दौरान देशभर में आयोजित विभिन्न उत्सवों के आकर्षक छायाचित्रों को स्थान दिया गया।



प्रदर्शनी का उद्घाटन महंत कमल नयन दास जी महाराज, मणिरामदास छावनी अयोध्या, सुरेश भैय्याजी जोशी, दिया कुमारी उप मुख्यमंत्री राजस्थान, मनोज सिन्हा उपराज्यपाल जम्मू-कश्मीर, राम बहादुर राय अध्यक्ष इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र एवं डॉ. सच्चिदानंद जोशी सदस्य सचिव इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, आलोक जैन ट्रस्टी सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने इसे एक महत्वपूर्ण एवं संग्रहणीय दस्तावेज बताया। अयोध्या पर्व का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और परंपराओं को व्यापक मंच पर प्रस्तुत करना तथा अयोध्या की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में सुरेश भैय्याजी जोशी, दिया कुमारी एवं मनोज सिन्हा , रामबहादुर राय ने अपने विचार व्यक्त किए।

### इनको किया गया सम्मानित

चित्रांजलि के विजेताओं में सोमनाथ पॉल कोलकाता, धनराज उदय काडला पंढरपुर महाराष्ट्र, गणेश नामदेव मुंबई तथा राम उत्सव श्रेणी में सोनू यादव इंदौर, राजू पवार एवं सतीश लाल हैदराबाद को सम्मानित किया गया। समिति के सदस्य संजीव चौधरी, धीरज पटेल, सोनू सचदेवा, मनोज श्रीवास्तव एवं अभिषेक यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में अयोध्या के समग्र विकास एवं भविष्य की नगर योजना पर गहन विचार-विमर्श किया गया। 'भविष्य की अयोध्या नगर योजना' विषय पर आयोजित इस विमर्श में प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार रखे। अयोध्या को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध तथा वैश्विक पहचान दिलाने हेतु व्यापक योजनाओं पर चर्चा की गई।

# जबलपुर रेल मंडल ने स्थापित किए नये कीर्तिमान



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल ने समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 में चहुंमुखी विकास किया है कर्मचारियों, अधिकारियों के संयुक्त प्रयासों से तीनों रेल मंडलों में जबलपुर ने काफी प्रगति की है। नई ट्रेन संचालन हो या स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में वृद्धि किये जाने का विषय हो, सभी क्षेत्रों में जबर्दस्त सुधार नजर आया है। रेल मंडल में आगे भी इसी तरह कार्य करता रहेगा यह बात मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने पत्रकार वार्ता में कही इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के साथ ही वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (सम.) राहुल जयपुरियार, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता राम बदन मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत साहू, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यात्री, माल ढुलाई, राजस्व अर्जन, अधोसंरचना विकास, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह वर्ष मंडल के लिए कई मानकों पर रिकॉर्ड वर्ष के रूप में दर्ज हुआ है।

### अन्य प्रमुख उपलब्धियां

जबलपुर रेल मंडल को नई वातानुकूलित स्वचलित निरीक्षण यान परख प्राप्त हुई, जिससे ट्रैक एवं कटनी ग्रेड सेपरेटर के अंतर्गत भारतीय रेलवे का सबसे लंबा वायाडक्ट निर्माणाधीन है, जो मंडल की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है। इस परियोजना के तहत अप ग्रेड सेपरेटर पर रेल आवागमन प्रारंभ किया जा चुका है। जबलपुर मंडल में प्रथम पब्लिक मल्टीफंक्शनल कॉम्प्लेक्स का विकास किया गया, जिसकी शुरूआत 16 फरवरी को हुआ। इससे यात्रियों एवं आम जनता को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जबलपुर रेल मंडल ने सभी प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल नए कीर्तिमान स्थापित किए, बल्कि यात्री सुविधा, सुरक्षा, डिजिटल पहल एवं संसाधन प्रबंधन में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

### राजस्व से जुड़ी उपलब्धियां

- मंडल ने 429.42 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान कर अब तक का सर्वाधिक यात्री आंकड़ा दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.49% अधिक है।
- यात्री राजस्व 981.50 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष से 6.16% अधिक है।
- माल राजस्व ?4259.56 करोड़ रहा, जिसमें 17.91% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।
- कुल राजस्व ?5470 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.29% अधिक है।
- अन्य कोचिंग राजस्व में भी रिकॉर्ड 79.35 करोड़ की प्राप्ति हुई।

#### टिकट चेकिंग में ऐतिहासिक उपलब्धि

- वर्ष 2025-26 में 8.21 लाख प्रकरण दर्ज कर ?59.75 करोड़ की आय अर्जित की गई, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।
- पिछले वर्ष की तुलना में मामलों में 20.43% एवं आय में 26.72% वृद्धि दर्ज की गई।
- निर्धारित लक्ष्यों से अधिक प्रदर्शन करते हुए मंडल ने 3.55% राजस्व वृद्धि हासिल की।

#### नई ट्रेनों की शुरुआत एवं नए ठहरावो की सौगात

- यात्रियों की सुविधा हेतु दो नई ट्रेनों का संचालन प्रारंभ
- रीवा-हडपसर (पुणे) साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस

#### जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ( दैनिक )

इसके साथ ही गाड़ी सं. 01631/01632 भोपाल-धनबाद/चोपन एक्सप्रेस नई ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर सागर, दमोह, कटनी, मुड़वारा एवं बरगवां स्टेशनों पर समारोह आयोजित किए गए।

करहिया भदौली में गाड़ी सं. 18236/35, पथरिया में गाड़ी सं. 11272/71, बोहानी में गाड़ी सं. 22188/87,

सिहोरा में गाड़ी सं. 11754/11753 एवं 11756/11755 तथा 11202/11201 इन ट्रेनों का ठहराव प्रारंभ किया गया।

#### स्क्रैप निस्तारण में रिकॉर्ड

ई-ऑक्शन के माध्यम से 111.21 करोड़ का स्क्रैप निस्तारण कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि प्राप्त की गई।

## खेत में अधेड़ ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत इमलिया में शुक्रवार को एक अधेड़ ने खेत में पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को सिद्धांत रजक 23 वर्ष निवासी प्रेमनगर इमलिया ने सूचना दी कि उसके पिता ताराचंद रजक 57 वर्ष सुबह लगभग 7-30 बजे घर से इमलिया मोड़ जाने निकले थे जिन्होंने बलराम रजक के खेत में लगे नीम के पेड़ में फांसी लगा ली जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

## नवाचारों का अवलोकन

**जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित किया जा रहा बारह दिनों का पुस्तक मेला दसवें दिन भी स्कूली बच्चों, उनके अभिभावकों और नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मध्यप्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने पुस्तक मेला का अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तक मेला में आयोजित सांस्कृतिक संध्या का माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री दिग्विजय सिंह ने जबलपुर के इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकें और खेल दोनों ही युवाओं के चरित्र निर्माण के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ स्थापित 'हेल्पडेस्क' और 'बुक बैंक' जैसे नवाचारों से अभिभावकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित हो रहा है।


**म .प्र . गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक LIG-199 श्री अजय कुमार रजक पिता श्री मुन्नालाल रजक एवं श्रीमती अंजू रजक पति श्री अजय कुमार रजक के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23 .01.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री अजय कुमार रजक पिता श्री मुन्नालाल रजक एवं श्रीमती अंजू रजक पति श्री अजय कुमार रजक ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10 .07 .2024 के माध्यम से श्रीमती सुदामा बाई पटेल पति श्री कृष्ण कुमार पटेल को विक्रय किया है। अत: श्रीमती सुदामा बाई पटेल पति श्री कृष्ण कुमार पटेल द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन /भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



**In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**
Presiding Officer : मेघा पुरोहित
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(EX A//0000004/2023)
श्रीमति विद्या तिवारी .......... वादी
Vs
धर्मेन्द्र कुमार केवट ....... प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक :- 17/04/2026

प्रेषिती-
(1) कल्लू लाल यादव पिता छोटे लाल यादव पता पता ग्राम विजय सागर जिला दमोह हाल मुकाम जबलपुर मध्यप्रदेश (2) उर्मिला गुप्ता पति रामकिशोर गुप्ता पता- पता कटनी हाल मुकाम जबलपुर मध्यप्रदेश (3) लता बाइ रजक पति देवेन्द्र रजक पता-पता ग्राम दोडा मझौली जिला जबलपुर मध्यप्रदेश (4) स्वीटी साहू पिता सीताराम साहू पता- पता ठेकादारी मोहल्ला नयन मण्डला मध्यप्रदेश (5) पूनम पति मनोहर लाल बर्मन पता- पता सब्जी मंडी निकडगंज अधारताल जिला जबलपुर मध्यप्रदेश (6) ममता यादव पति कल्लू लाल यादव पता- पता विजय सागर जबलपुर मध्यप्रदेश (7) सृष्टि पटेल पति कृष्ण कुमार पटेल पता- पता 891 दिक्षित कालोनी जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी श्रीमति विद्या तिवारी ने आपके विरूद्ध इएक्स ए निष्पादन हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे।

यह आज तारीख 26 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा — सील
(मेघा पुरोहित)
चतुर्थ व्यवहार न्यायधीश
वरिष्ठ खंड जबलपुर (म.प्र)

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


## दिन में साईकिल से रैकी, रात में करते थे चोरियां

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत ग्राम बरबटी और आसपास के इलाकों में एक ही रात में योजनाबद्ध तरीके से किसानों के खेतों से सबमर्सिबल पंप की कीमती केबल पार करने वाले तीन बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए तीनों बालक दिन मे साईकल से खेतों एवं फार्म लैंड पर रैकी कर रात में चोरी करने का प्लान बनाते थे रात्रि होते ही तीनों वारदातों को अंजाम देते थे ।

विदित हो कि बरगी थाने में 27 मार्च को अशोक कुमार शुक्ला निवासी बिलेहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसका बरबटी स्थित फार्म लैंड में चोर द्वारा सम्मर्सिबल पंम्प में लगे केबल करीब 40 मीटर चुराकर ले गया है। चोरो के द्वारा उसी रात को अन्य किसान दीपक यादव के खेत एवं सुरेन्द्र गुप्ता के समर्शियल पंप में लगे करीब केबल कुल कीमती करीबन 45000 हजार को चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी थी।

### ऐसे चढ़े हत्थे, जंगल में बिछाई थी केबल

उनि सरिता पटेल ने बताया कि कृषकों के खेतों में लगे सिंचाई समर्शियल पंप के केबल चोरी होने से सिंचाई बाधित होने से कृषक इस चोरी की घटना से आक्रोशित थे। अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी भी चुनौती पूर्ण थी। इसी बीच सूचना मिली कि बरबटी के पास खेतों मे तीन संदिग्ध घूम रहे है पुलिस ने दबिश देकर उन्हें हिरासत में लिया । पूछताछ पर तीनों ने शुक्ला फार्म लैंड बरबटी , ग्राम बरबटी एवं पडरिया हार में चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी की हुई केबल, कटर को ग्राम बरबटी के जंगल मे छिपा देना बताये। जिसे जब्त किया गया।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-अनूपपुर (म.प्र.)**
**कार्यालय- जिला पंचायत भवन प्रथम तल अनूपपुर (म.प्र.) E-Mail- eeresanuppur@mp.gov.in**

क्रमांक/ /निविदा/ग्रायांसेवा/2026 — अनूपपुर, दिनांक :- / /2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2026-27**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Cover-2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग अनूपपुर के निम्नांकित सिविल कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में अथवा अन्य राज्यों/उपक्रमों/ संस्थाओं/ प्राधिकरण समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र अपेंडिक्श 2 .10 अनुसार अद्यतन संशोधन निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार सिविल निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की दिनांक 11.04 .2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है -

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर आई.डी.नम्बर | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (रुपए लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01. | 2026_RES_496035_1 | बाऊण्ड्रीवाल निर्माण सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल राजेन्द्रग्राम | राजेन्द्रग्राम | 5.65 | 11300 | 2000/ | 04 माह | प्रथम |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 08 .04 .2026 प्रात: समय 10 :30 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 13 .04 .2026 समय 05 :30 बजे सायं तक तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि 08 .04 .2026 प्रात: समय 10 :30 से प्रारंभ होकर दिनांक 13 .04 .2026 समय 05 :30 बजे सायं तक निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधित सूचनायें केवल वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही अपलोड की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-अनूपपुर (म.प्र.)

जी.- 11075/26 — बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड जबलपुर**
**ई-मेल — eephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक 0761 2344814**

निविदा क्रमांक 01—07 /व.ले.लि. /का.यं. /2025—26 जबलपुर दिनांक 01.04.2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा का आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। ऑनलाईन निविदा विक्रय करंने की अंतिम तिथि 15.04.2026 सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 17.04.2026 11.00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

A- Name of Work - REPAIRING & MAINTINANCE OF HAND PUMP IN VARIOUS BLOCKS OF DISTT. JABALPUR

| Nit No. | E-tender No | Name of Block | PAC in Rs Lakhs | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_PHED_496688_1 | SIHORA | 17.16 | 34320/- | 2000/- |
| 02 | 2026_PHED_496700_1 | MAJHOLI | 18.16 | 36320/- | 2000/- |
| 03 | 2026_PHED_496704_1 | JABALPUR | 14.34 | 28680/- | 2000/- |
| 04 | 2026_PHED_496710_1 | SHAHPURA | 19.98 | 39960/- | 2000/- |
| 05 | 2026_PHED_496713_1 | PATAN | 18.84 | 37680/- | 2000/- |
| 06 | 2026_PHED_496718_1 | PANAGAR | 18.91 | 37820/- | 2000/- |

A- Name of Work - Drilling of 150/125/115mm dia. 120mtr. deep Ordinary Tube Well in All blocks of District Jabalpur. (No. of TW 70nos.)

| Nit No. | E-tender No | No. of tubewells | PAC in Rs Lakhs | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| 07 | 2026_PHED_496723_1 | 70 | 71.00 | 71000/- | 10000/- |

(शरद सिंह)
कार्यपालन यंत्री

जी.- 11076/26 — बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल